# समाचार वाणी

**ख़बर जो करें असर !**

नाशिक | Wednesday, 23 September 2026


## सेवा संकल्प समारोह मे मानवता के लिए समर्पित भाव से लिए गए संकल्प, पूर्व विधायक रामलाल शर्मा और सेवानिवृत्त IPS मेघवाल रहे मुख्य आकर्षण।


Publisher

Published on 22 May 2025





# सेवा संकल्प समारोह 2025: मानवता की सेवा के लिए लिया गया संकल्प।

सवांदाता,जयपुर,राजस्थान

**जयपुर,राजस्थान :** मानव जन जागृति संस्थान के तत्वावधान में आज **MB होटल, चोमू के सेमिनार हॉल** में एक भव्य **सेवा संकल्प समारोह** का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि रहे भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता एवं **पूर्व विधायक श्री.रामलाल शर्मा**, जबकि अध्यक्षता से**वानिवृत्त IPS** एवं कांग्रेस के **पूर्व सांसद प्रत्याशी श्री.मदन गोपाल मेघवाल** ने की।

**विशिष्ट अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति**

इस अवसर पर कई विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे, जिनमें प्रमुख नाम हैं:

१. **श्री.नेमीचंद पवार (सेवानिवृत्त विकास अधिकारी, LIC)**

२. **श्री.मनराज कांटीवाल (प्रधानाचार्य)**

३. **श्रीमती सुधा वर्मा (सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य)**

४. **श्री.रघुनाथ पाटोदिया (सेवानिवृत्त वरिष्ठ अध्यापक)**

५. **श्री.गजानंद परिहार (सेवानिवृत्त अध्यापक)**

इन सभी ने संस्थान के कार्यों की सराहना की और समाज सेवा की दिशा में योगदान का संकल्प लिया।

**तन-मन-धन से सेवा का संकल्प**

संस्थान के **प्रदेश अध्यक्ष सौदागर कांदेला** ने बताया कि समारोह में संस्थान से जुड़े कई पदाधिकारियों ने तन, मन और धन से

सेवा करने का संकल्प लिया।

**प्रदेश उपाध्यक्ष श्री.रघुनाथ पाटोदिया** ने प्रत्येक वर्ष दो माह की **पेंशन का ₹1 लाख का योगदान संस्थान** को देने का संकल्प लिया, जिसे सभा में सराहा गया।

### पूर्व विधायक रामलाल शर्मा का संबोधन

**श्री.रामलाल शर्मा** ने संस्थान द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए कहा: "संस्थान का समर्पण और सेवा भाव निश्चित ही समाज में मानवता की एक मिसाल बन रहा है। यह चोमू क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है।"

### 15 युवा समाजसेवकों को मिला सम्मान

समारोह में सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले 15 युवाओं को विशेष सम्मान से नवाज़ा गया। यह सम्मान उनके **निःस्वार्थ सेवा** और **समाज** के प्रति समर्पण को मान्यता देने हेतु दिया गया।

### जन्मदिन का भी हुआ सेलिब्रेशन

कार्यक्रम के दौरान **श्री.रघुनाथ पाटोदिया** और **श्री.गजानंद परिहार** का जन्मदिन केक काटकर मनाया गया। सभी उपस्थित जनों ने उन्हें साफा बांधकर और मालाएं पहनाकर शुभकामनाएं दीं।

### संचालन और समापन

कार्यक्रम का सफल संचालन **डॉ. कैलाश चंद मोरदिया (प्राचार्य)** द्वारा किया गया। अंत में सभी ने सामूहिक रूप से भोजन ग्रहण किया और समारोह का समापन हुआ। संस्थान के **प्रदेश अध्यक्ष सौदागर कांदेला** ने सभी आगंतुकों और सहयोगियों का आभार प्रकट किया और इसे संस्थान के इतिहास का "**एक अनमोल दिन**" बताया।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.